कार्यालय अध्यक्ष, रेल भर्ती प्रकोष्ठ, ब्लॉक-सी, लाजपतनगर- I, नई दिल्ली-110024.		Office of the Chairman, Railway Recruitment Cell, Block-C, Lajpat Nagar-I, New Delhi-110024.
website:www.rrcnr.org	Helpline No.	9560268721, 9560268722
No: **220-E/RRC/GDCE/19-20/Pre.Exam**		Date: 21.12.2020

<u>महत्वपूर्ण सुचना</u>

विषय अधिसूचना संख्याः 01/जीडीसीई/2019 एवं 01/जीडीसीई/2020 के तहत अधिसूचित विभिन्न पदों हेतु आयोजित होने वाली कम्प्युटर बेसड टेस्ट के सम्बन्ध में सूचना।

संदर्भ इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक दिनांक 25.11.2020 के संदर्भ में।

1.	अधिसूचना संख्याः 01/जीडीसीई/2019 एवं 01/जीडीसीई/2020 के तहत जीडीसीई के अन्तर्गत कुल 25 विभिन्न कोटियों के पदों को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।
2.	अधिसूचना संख्याः 01/जीडीसीई/2019 एवं 01/जीडीसीई/2020 के तहत आवेदित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सामान्य विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा (जीडीसीई) **<u>09.01.2021 एवं 10.01.2021 को</u>** आयोजित की जायेगी। आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु अभ्यार्थी अपने आपको तैयार रखें। अतः अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि कम्पयुटर बेसड टेस्ट एवं परीक्षा से संबंधित अन्य सूचना हेतु रेल भर्ती प्रकोष्ठ की बेवसाईट का अवलोकन करते रहें।
3.	अभ्यार्थी यह भी नोट करें कि कम्पयुटर बेसड टेस्ट हेतु प्रवेश पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा। परीक्षा की तिथि से कम से कम एक सप्ताह पूर्व, रेल भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर रेलवे के बेवसाईट <u>www.rrcnr.org</u> पर योग्य अभ्यार्थियों का प्रवेश पत्र अपलोड कर दिया जाएगा एवं यथासंभव उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाईल नम्बर/ई-मेल पते पर सूचना उपलब्ध करायी जाएगी। पात्र अभ्यार्थी अपना प्रवेश पत्र प्रिंट करके लिखित परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं जिसके लिए अलग से आवश्यक दिशा-निर्देश परीक्षा की निर्धारित तिथि के साथ रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ/उत्तर रेलवे/नई दिल्ली के बेवसाईट <u>www.rrcnr.org</u> पर यथासमय उपलब्ध कराया जाएगा।
4.	अभ्यार्थी यह अनिवार्य तौर पर नोट कर लें कि उनके आवेदन की पात्रता का निर्धारण पूर्णतः अनंतिम है जो कि आगे सुसंगत अभिलेखों से जांच की जाएगी। जांच के दौरान अधिसूचना की शर्तो एवं रेलवे बोर्ड/प्रधान कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा-निर्देशों को पूरा न करने की स्थिति में किसी भी स्तर पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित अथवा परीक्षा में शामिल होने के बावजूद उनकी अभ्यार्थिता निरस्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
रेल भर्ती प्रकोष्ठ, लाजपतनगर